पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## शहर में आज

- प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में भव्य छप्पन भोग श्रृंगार दर्शन शाम 5 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन भानु के पूर्व मंडल अध्यक्ष की मंडी समिति किसान भवन में प्रेसवार्ता दोपहर 12 बजे।
- ग्राम ज्योराह कल्यानपुर में हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ सुबह 8 बजे से।
- ग्राम डंडिया राझे में शिव परिवार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा सुबह 9 बजे।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज के उप प्रधानाचार्य को हार्टअटैक बरेली रेफर

पीलीभीत, अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार को मंगलवार रात हार्टअटैक आया। वे उस समय खाग स्थित कॉलेज कैंपस में अपने सरकारी आवास पर मौजूद थे। हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जीके अनेजा उन्हें निजी अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉ. अरुण को बरेली रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका उपचार भोजीपुरा स्थित मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

### जमीन के विवाद में पिता और पुत्र को पीटा

बरखेड़ा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव भैसहा ग्वालपुर के रहने वाले सुरेंद्र पाल ने बताया कि जमीन के बंटवारे को लेकर तहसील बीसलपुर न्यायालय में उनका वाद विचाराधीन है। बुधवार को वह अपने पिता हीरालाल के साथ तारीख पर गए। वापस आने के बाद अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी बीच आरोपी ने पिता से मारपीट की। जब बचाने गए तो उनको भी पीटा। पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## दो दिवसीय दौरे पर पीलीभीत पहुंचीं राज्यपाल, जिला कारागार में स्कूली बच्चों से किया संवाद, महिला बंदियों को बांटी साड़ी और फलों की टोकरी

# विद्यार्थियों से दिखवाए जेल के हालात, फिर खुद जानी हकीकत

### आनंदीबेन पटेल ने गांधी सभागार में अफसरों संग बैठक कर की समीक्षा, रेड क्रास सदस्यों के संग भी की बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को पीलीभीत पहुंचीं। जनपद सीमा में प्रवेश करने पर डीएम-एसपी ने राज्यपाल का स्वागत किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्यपाल के काफिला सीधे जिला कारागार पहुंचा। जिला कारागार में कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने स्कूली बच्चों से संवाद किया और महिला बंदियों को साड़ी ओर फल की टोकरी वितरित की। अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की और रेडक्रॉस सदस्यों को भी दिशा-निर्देश दिए।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का काफिला बुधवार को दुधवा टाइगर रिजर्व से असम-बस्ती हाईवे होते हुए सुबह 10.15 बजे पीलीभीत पहुंचा। जनपद सीमा में प्रवेश करने पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं अभिषेक सिंह ने राज्यपाल को स्वागत किया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्यपाल का काफिला शहर के असम चौराहे होते हुए सीधे जिला कारागार पहुंचा। राज्यपाल का काफिला गुजरने के दौरान रूट से जुड़े सभी मार्गों को पूरी तरह बंद कर दिया चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात दिखी। जिला कारागार पहुंचने पर डीएम-एसपी समेत जेल अधीक्षक ने पौधा और पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, सेनेटरी डिस्ट्रायर मशीन, एलईडी टीवी एवं वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला कारगार में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल ने 05 महिला बंदियों को साड़ी और फल की टोकरी वितरित की।

जिला कारागार में कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उपहार दिए। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं ने कारागार का निरीक्षण किया था। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं से निरीक्षण में देखी गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और दोबारा कारागार का भ्रमण कर महिला बंदियों से बातचीत कर उनके बारे में जानने की बात कही। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से जेल भ्रमण के अनुभवों पर निबंध लिखकर राजभवन भेजने को कहा। महिला बंदियों से कहा कि मन में बदले का भाव न रखें। आगे एक अच्छा जीवन बिताएं। विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें। निर्देश दिए कि बंदियों को कारागार में मनोरंजन के लिए धार्मिक चैनलों का दिखाया जाए। स्कूली बच्चों को थानों का भ्रमण कराकर व्यवस्थाओं की जानकारी दी जाए।

राज्यपाल ने कहा कि जिन बंदियों की उम्र 65 वर्ष से अधिक या जिनकी 02-03 साल की सजा शेष है एवं जो कैंसर पीड़ित हैं, उनका विवरण उपलब्ध कराए जाएं। कार्यक्रम के दौरान दहेज पर चर्चा की। कहा कि दहेज अपराध का एक बहुत बड़ा कारण है। इसको बंद करने की जरूरत है। सास अपनी बहू को बेटी की तरह रखे। इस बात से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।



गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा करतीं राज्यपाल। ● अमृत विचार


डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार जातीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।


जिला कारागार में महिला बंदी को साड़ी देतीं राज्यपाल। ● अमृत विचार

### समीक्षा बैठक: आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में होम्योपैथिक दवा उपलब्ध कराएं

जिला कारागार से राज्यपाल कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार पहुंचीं। यहां हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गावों में अभियान चलाकर विशेष कैंपों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाए और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया जाए। सीएमओ को निजी चिकित्सालयों से प्रसव से संबंधित डेटा एकत्र करते हुए संस्थागत प्रसवों में बढोतरी करने के निर्देश दिए। अल्ट्रसाउंड सेंटरों का भी निरीक्षण किया जाए। गांवों में कैंप लगाकर 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में आवश्यक होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बीएसए को निर्देश दिए कि 6 वर्ष के सभी नामांकित बच्चों का परिषदीय स्कूलों में अनिवार्य रूप से नामांकन कराया जाए। उन्होंने साक्षरता दर बढ़ाने को भी निर्देशित किया। बैठक में डीएम, एसपी, सीडीओ, सीएमओ, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट समेत अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### पीलीभीत की साक्षरता दर बहुत कम, 50 फीसदी बच्चे नहीं जाते स्कूल

राज्यपाल की अध्यक्षता में गांधी सभागार में ही रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी को कन्या भ्रूण हत्याओं को रोकने के लिए अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी करने के निर्देश दिए। रेडक्रॉस के शिविरों में एलोपैथिक के साथ होम्योपैथिक दवाओं का भी वितरण किया जाए। गिरते शिक्षा के स्तर पर चिंता जताते हुए कहा कि पीलीभीत में साक्षरता दर बहुत कम है। 50 फीसदी बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी को आगे आना होगा। उन्होंने गुजरात के स्कूलों में मनाए जाने वाले प्रवेश उत्सव का उदाहरण देते हुए जनपद के स्कूलों में भी प्रवेश उत्सव बनाने की बात कही। कहा कि बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने को रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने डीआईओएस और बीएसए को बच्चों को यूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तक और अन्य सामान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। रेडक्रॉस सोसायटी के भवन के संबंध में कहा कि जिले में कोई पुरानी बिल्डिंग देखे। उसकी मरम्मत कराकर उसमें रेडक्रॉस का ट्रेनिंग सेंटर संचालित किया जाए, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने नए भवन को लेकर भी डीएम को निर्देशित किया। बैठक में डीएम, एसपी, सीएमओ के अलावा रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. एसके सिंह, राज्य प्रबंधन समिति सदस्य डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, सचिव कौशलेंद्र भदोरिया, सदस्य केशव अग्रवाल, तारिक कुरैशी, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, साकेत सक्सेना, हर्षल सिंह मौजूद रहे।

### काफिला जाने के बाद कुछ देर रही जाम की स्थिति

गांधी सभागार में बैठक के बाद राज्यपाल का काफिला माधोटांडा के लिए निकल चुका था। इसके बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर रोके गए वाहनों का आवागमन सुचारू कराया गया तो कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनती दिखी। हालांकि इसे पुलिस ने सुचारू करा दिया। रूट डायवर्जन के चलते जिन अन्य वाहनों से वाहन निकलवाए गए, उन पर भी आवागमन बाधित होता दिखा।

## सुरक्षा इंतजाम सख्त, ट्रैफिक प्लान कुछ गड़बड़ाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राज्यपाल आंनदी बेन पटेल के आगमन पर सख्त सुरक्ष इंतजाम रहे। उनके आवागमन वाले रूटों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाती रही। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक प्लान पूर्व में ही तैयार कर लिया गया था, मगर बीच-बीच में जिम्मेदारों में ही असमंजस की स्थिति बनती दिखी। हालांकि बाद में अफसर पहुंचे और कमान संभाली।

सुबह करीब सवा 10 बजे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल जनपद में पहुंच गईं। सुबह से ही सुरक्षा इंतजाम खासकर टनकपुर हाईवे पर सख्त कर दिए गए थे। इससे जुड़े लिंक मार्गों पर भी बैरियर लगाकर आवाजाही रोकने के साथ ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। जनपद की सीमा में पहुंचते ही असम बस्ती हाईवे के समस्त लिंक मार्गों पर पुलिसकर्मियों को लगाकर समस्त वाहन रोक दिए गए। छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए भी टीमें मुस्तैद रहीं। पूरनपुर रोड पर अंकुर राइस मिल के पास छुट्टा पशु दिखाई दिए तो उनको टीमें लाठी डंडे लेकर रोके रहीं। गैर जनपद आने जाने वाले वाहनों को पूर्व में निर्धारित किए गए तय रूटों से ही निकलवाया गया। राज्यपाल का काफिला असम चौराहा से डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा होते हुए गौहिनया चौराहा की तरफ पहुंचा। हाईवे के रास्तों पर बैरियर लगाकर ट्रैफिक रोक दिया गया था।


गौहनिया चौराहा पर राज्यपाल के आगमन से पूर्व बैरियर लगाकर रोके गए वाहन।

- जिम्मेदारों में भी बीच-बीच में दिखी असमंजस की स्थिति
- नकटादाना चौराहा पर अचानक छोड़े गए वाहन, फिर रुकवाए

इस बीच राज्यपाल की गाड़ी समेत काफिले के अन्य वाहन गुजर गए, मगर कुछ वाहन पीछे रह गए थे। इससे पहले ही ट्रैफिक खोल दिया गया, जिससे पीछे से तेज रफ्तार से आ रही करीब तीन गाड़ियां आ पहुंचीं। फिर कमान संभालते हुए पुलिस ने संबंधित वाहनों को निकलवाया।

इसके कुछ समय बाद राज्यपाल के वापस आने को लेकर ट्रैफिक रोक दिया गया। करीब पंद्रह मिनट तक यातायात रोके रखा गया और फिर अचानक वाहन छोड़ दिए गए। इसमें मैजिक, ई-रिक्शा समेत कई वाहन थे। इसी बीच सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार भी आ पहुंचे और चौराहा पर मौजूद फोर्स को सिर्फ दुपहिया वाहन निकालने के निर्देश दिए। आनन-फानन में समस्त ट्रैफिक दोबारा रोका गया और फिर राज्यपाल का काफिला गुजरने के बाद उसे निकाला गया।

## राज्यपाल ने शाम को चूका बीच पहुंचकर बिताया वक्त

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** दो दिवसीय दौरे के पहले दिन जिला कारागार, कलेक्ट्रेट परिसर में हुए कार्यक्रमों में 2.44 घंटे बिताने के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुस्तफाबाद गेस्टहाउस के लिए रवाना हुई। राज्यपाल का काफिला कलेक्ट्रेट से निकलने के बाद पीलीभीत-माधोटांडा रोड होते हुए मुस्तफाबाद गेस्टहाउस पहुंचा। शाम को राज्यपाल चूका बीच पहुंचीं। यहां डेढ़ घंटे से अधिक का समय बिताने के बाद राज्यपाल पुनः मुस्तफाबाद गेस्टहाउस लौट गईं। राज्यपाल गेस्टहाउस में रात्रि विश्राम करेंगी।

बता दें कि हरदोई ब्रांच नहर पटरी से काफिला बाइफरकेशन होते हुए दोपहर करीब 1.50 बजे मुस्तफाबाद गेस्टहाउस पहुंचा और यहां राज्यपाल ने लंच किया। शाम पांच बजे तक समय रिजर्व्ड रखा गया। शाम करीब 5.30 बजे राज्यपाल पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन स्थल चूका बीच पहुंची थीं। चूका बीच जाने के दौरान उन्होंने प्रकृति की सुंदरता को करीब से देखा। चूका बीच पहुंचकर उन्होंने डीएम-एसपी समेत अन्य अधिकारियों संग मंत्रणा की। करीब डेढ़ घंटे बिताने के बाद राज्यपाल वापस मुस्तफाबाद गेस्टहाउस लौट आईं।

### आज आंगनबाड़ी वर्करों को बांटेगी किट

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज गुरुवार को आंगनबाड़ी वर्करों को किट वितरण के साथ लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगी। मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी, जिसमें राज्यपाल 10 आंगनबाड़ी वर्करों को किट, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 5 लाभार्थी बच्चों को स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड वितरण, पीएम कुसुम योजना, कृषि यंत्रीकरण वितरण, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को चेकों का वितरण करेंगी।

## विरोध का ऐलान करने वाले भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष नजरबंद किए गए

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** पुरैना गांव में पुल समेत कई मांगों के पूरा न होने पर राज्यपाल के आगमन के दौरान विरोध का ऐलान किया गया, जिसके बाद गांव पुरैना के रहने वाले भीम आर्मी नेता हरीश गंगवार को पुलिस प्रशासन ने उनके ही घर में नजरबंद करके रखा।

बताते हैं कि गांव पुरैना सहित कुछ अन्य गांवों के ग्रामीण लोग कई समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन- प्रशासन से लगातार मांग करते चले आ रहे हैं। समस्याओं के संबंध में पत्र भी भेजते रहे हैं। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन द्वारा अश्वासन मिलता रहा, लेकिन समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा सका।

करीब चार साल पूर्व गांव पुरैना में देवहा नदी पर पुल प्रस्तावित हुआ। आरोप है कि इसे चार किलोमीटर दूर गांव गुजरानपुर में निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। किसान हरीश गंगवार के नेतृत्व में प्रभावित ग्रामीणों ने विधायक विवेक वर्मा के आवास बीसलपुर में धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद नया पुल ग्राम पुरैना में बनवाने का आश्वासन दिया गया था। गांव पुरैना देवहा नदी पर पुल की मंजूरी अभी तक नहीं हुई है। इसी को लेकर गांव पुरैना के हरीश गंगवार तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी ने बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यक्रम में काले झंडे दिखाने का ऐलान किया था। इसे लेकर प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए हरीश गंगवार को उनके घर में सुबह ही नजरबंद कर दिया। इससे पूर्व लोकसभा चुनाव में भी हरीश गंगवार नजरबंद किए गए थे।


घर पर ही नजरबंद किए गए हरीश गंगवार। ● अमृत विचार

- विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यक्रम में काले झंडे दिखाने का किया था ऐलान

## गोमती पर लिखी पुस्तक का किया लोकार्पण




पीलीभीत, अमृत विचारः जनपद दौरे पर आई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार सुबह गांधी सभागार में लेखिका दीपिका चतुर्वेदी की पुस्तक अलोंग द बैंक्स ऑफ रिवर गोमती का लोकार्पण किया। यह उनकी नवीनतम साहित्यिक कृति है। यह पुस्तक गोमती नदी के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की खोज करती है, जो पीलीभीत के पास हरे-भरे तराई क्षेत्र से निकलती है। दीपिका चतुर्वेदी ने गहन शोध के माध्यम से नदी की यात्रा, इसकी समृद्ध जैव विविधता और सदियों से इसके किनारों पर पनप रहे समुदायों पर प्रकाश डाला है।

## पुत्रों-पौत्र के नाम ग्राम प्रधान ने दर्शाई मजदूरी हजारों ठिकाने लगाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने दोषी ग्राम प्रधान व सचिव से रिकवरी करने के दिए आदेश
- बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी का मामला

**अमृत विचारः** महिला ग्राम प्रधान ने इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण में पुत्रों एवं पौत्र के नाम पर मजदूरी दर्शाकर हजारों की रकम हड़प ली। अंतिम जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर डीएम ने दोषी पाई गई महिला ग्राम प्रधान एवं सचिव से रिकवरी के आदेश दिए हैं। वहीं जांच में दोषी पाए गए तत्कालीन सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

मामला बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी का है। गांव निवासी रामबहोरे, राजकुमार आदि ने तत्कालीन डीएम को शपथ पत्र सहित की गई शिकायत में ग्राम प्रधान एवं सचिव पर विकास कार्य के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। जिस पर तत्कालीन डीएम ने जिला कृषि अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता विशाल मिश्रा को जांच अधिकारी नामित कर जांच करने के आदेश दिए थे। टीम द्वारा जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितता पाते हुए ग्राम प्रधान मुन्नी देवी, सचिव पंकज शर्मा और तत्कालीन सचिव प्रकाश राम आर्या को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए रिपोर्ट सौंप दी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण तलब किया गया। वहीं दोषी सचिव एवं तत्कालीन सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रकरण की अंतिम जांच के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार एवं जल निगम के अधिशासी अभियंता को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच कराई गई। अंतिम जांच में इंटरलॉकिग एवं नाली निर्माण में स्टोर पर्चेज एवं वित्तीय नियमों का पालन नहीं होना पाया गया। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा पुत्र संजीव सिंह, हरेंद्र सिंह एवं पौत्र सचिन सिंह के नाम पर अलग-अलग कार्यों में मजदूरी करना दर्शाते हुए 28,560 रुपये का गबन करना पाया गया। इस मामले में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने गबन की गई 28560 रुपये की धनराशि में से आधी-आधी रकम ग्राम प्रधान मुन्नी देवी एवं सचिव पंकज शर्मा से वसूलने के आदेश दिए हैं। डीएम की ओर से जारी आदेश में ग्राम प्रधान एवं सचिव को गबन की गई रकम को ग्राम निधि के खाते में जमा करते हुए सात दिन के अंदर जमा रसीद डीपीआरओ कार्यालय में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में जमा रसीद उपलब्ध न कराने पर दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### जांच टीम का भी जवाब तलब

ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की प्रारंभिक जांच के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता विशाल मिश्रा को नामित किया गया था। बताते हैं कि टीम द्वारा प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट आधी-अधूरी एवं तथ्यपूर्ण नहीं पाई गई। इस पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने दोनों जांच अधिकारियों को भी जवाब-तलब किया है।

> ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी की अंतिम जांच में वित्तीय अनियमितता पाई गई है। दुरुपयोग की गई धनराशि वसूलने के जिलाधिकारी की ओर से आदेश दिए गए हैं। कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। - **रोहित भारती**, जिल पंचायत राज अधिकारी

## दो पक्षों में मारपीट चार लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** मामूली विवाद के चलते मोहल्ला दुर्गाप्रसाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें महिला समेत चार लोग घायल हो गए।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी मेवाराम के घर रहकर उनका रिश्तेदार क्योलड़िया बरेली निवासी अमित कुमार पढ़ाई करता है। उनके परिवार के सदस्य आए दिन अमित से मारपीट करते हैं। अमित ने इसकी जानकारी अपने घर वालों को दी। इस पर उसके घर से पुत्तूलाल आए और नाराजगी व्यक्त की। तभी दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। जिसमें मेवाराम, पुत्तूलाल, मेवाराम की पत्नी सुखरानी समेत चार लोग घायल हो गए। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## काश! इसी तरह के कर दिए जाएं स्थाई इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जनपद में पहुंचीं। इससे पहले ही तमाम कार्य करा दिए गए। बुधवार को राज्यपाल का आगमन होते ही बदहाल दशा में दिखाई देने वाली सड़कों पर नजारा कुछ और ही दिखा। सब कुछ व्यवस्थित सा दिखाई दिया। राहगीर भी अंचभित दिखे और यही कहते रहे कि काश, इसी तरह के इंतजाम स्थायी कर दिए जाएं।

राज्यपाल के आगमन को लेकर पिछले कई दिनों से इंतजाम दुरुस्त कराने की तैयारियां चल रही थीं, जिसे एक दिन पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया था। इसका असर बुधवार सुबह से ही सड़कों पर दिखाई देने लगा। शहर की सड़कों पर लंबे समय से निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिनसे उठने वाली धूल राहगीरों की परेशानी का सबब बनी हुई थी। सड़क पर खुले में ही ट्रांसफार्मर रखे हुए थे। इसके अलावा साफ-सफाई को लेकर भी कही न कहीं खामियां नजर आती थीं। मगर, बुधवार सुबह से ही ये सब अव्यवस्थाएं दूर दिखीं। टनकपुर हाईवे पर ट्रांसफार्मर पन्नी लगाकर कवर किए जा चुके थे। सड़क पर कहीं पर कोई कूड़ा-करट नहीं था।

टनकपुर हाईवे किनारे का पथरीला फुटपाथ भी साफ दिखा। इसके अलावा जिन स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें भी मानक के तहत कपड़े का पर्दा बनाकर ढक दिया गया था। छतरी चौराहा समेत अन्य चौराहों पर सजावट की गई थी। राज्यपाल के आगमन की वजह से डिवाइडर पर भी दोनों तरफ गमले सजाए गए थे, जो सुंदरता बढ़ा रहे थे। शहरवासियों को भी की गई व्यवस्था खूब भाई और ऐसे ही स्थायी इंतजाम किए जाने की बात कही जाती रही।


छतरी चौराहा पर की गई सजावट और डिवाइडर पर सजाए गए गमले। ● अमृत विचार


टनकपुर हाईवे पर डिग्री कॉलेज चौराहा के पास निर्माणाधीन नाले के पास लगाया गया कपड़ा। ● अमृत विचार

- निर्माणाधीन साइटों को कपड़े से ढका, सफाई भी दुरुस्त
- टनकपुर हाईवे पर डिवाइडर पर सजाए गमले

## पिता की हत्या के आरोपी को नहीं पकड़ सकी पुलिस

**बीसलपुर, अमृत विचारः** आठ दिन बाद भी कोतवाली पुलिस पिता की हत्या करने के आरोपी बेटे को पकड़ नहीं सकी है। बता दें कि 28 मई की रात 10 बजे ग्राम पुरैनिया रामगुलाम निवासी हरीश कुमार का पुत्र विशाल नशे की हालत में घर पहुंचकर गर्भवती पत्नी की पिटाई कर रहा था। शोर सुनकर जब हरीश बचाने पहुंचे तो उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। जिसमें पिता की मौत हो गई थी। मृतक के बड़े भाई भूपराम ने भतीजे विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अभी तक आरोपी बेटे को नहीं पकड़ सकी है।

- मृतक के बड़े भाई ने भतीजे के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# दो आरोपियों को सुनाई गई उम्रकैद और जुर्माने की सजा निरस्त

## 18 वर्ष पुराने अपहरण एवं हत्याकांड के मामले में हाईकोर्ट ने सुनाया रिहाई का फैसला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम पौटाखुर्द में 18 साल पहले हुए रूप किशोर अपहरण एवं हत्याकांड के दो आरोपियों को सवा दो साल पहले अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास और जुर्माना की सजा को उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। उच्च न्यायालय ने सजा के विरुद्ध आरोपियों की ओर से दायर की गई अपील को मंजूर कर लिया। आरोपियों को रिहा करने के आदेश दिए गए हैं।

बता दें कि थाना न्यूरिया पर दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 2 फरवरी 2007 को भगवान देवी का 14 वर्षीय पुत्र रूप किशोर गांव पौटा खुर्द से मेथी गांव में ट्यूशन पढ़ने गया था। पुलिया के पास रूप किशोर का साइकिल सवार लोगों ने अपहरण कर लिया था। काफी ढूंढने पर भी रूप किशोर का पता नहीं चला। इसके बाद भगवान देवी ने शक के आधार पर कुछ विरोधियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि विवेचना में नामजद आरोपियों का घटना में शामिल ना होना पाया गया। न्यूरिया पुलिस ने विवेचना के दौरान सात फरवरी 2007 को पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। उन्हीं की निशानदेही पर रूप किशोर के शव को महोफ जंगल के कुएं से बरामद किया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश पीलीभीत ने 31 मार्च 2023 को अपना फैसला सुनाया।

न्यायालय ने आरोपी श्रीपाल और गुड्डू को दोषी पाकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जुर्माना भी लगाया गया था। इसके विरुद्ध दोनों आरोपियों ने उच्च न्यायालय में अपील की थी। बचाव पक्ष की ओर से उच्च न्यायालय में बताया गया कि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है। रूप किशोर के मरने से पहले आरोपियों के साथ देखे जाने की भी कोई गवाही मौजूद नहीं है। यह भी तर्क दिया गया कि आरोपी किसी गिरोह के सदस्य नहीं हैं। दोनों आरोपी निर्दोष हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद गुड्डू और श्रीपाल की अपील मंजूर कर ली और अपर सत्र न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा को निरस्त कर दिया। साथ ही दोनों आरोपियों को रिहा करने के आदेश दिए हैं।

**रूप किशोर हत्याकांड**

- न्यूरिया क्षेत्र में रूप किशोर का कर लिया था अपहरण
- मां ने शक के आधार पर कुछ विरोधियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

### तीसरे आरोपी की हो चुकी मौत

बता दें कि इस मामले में तीसरे आरोपी के तौर पर नरेश नामक व्यक्ति था। उसे भी मुकदमे में शामिल किया गया था। सुनवाई के दौरान नरेश की पहली ही मृत्यु हो चुकी है। इस मामले में आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी।

# पीलीभीत के साधकों ने ऋषिकेश में किया योग



ऋषिकेश में योग करते पीलीभीत के साधक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारतीय योग संस्थान पीलीभीत के साधकों ने ऋषिकेश में चार दिवसीय योग शिविर में प्रतिभाग किया। 26 सदस्यीय टीम ने 31 मई को पीलीभीत से योग नगरी ऋषिकेश के लिए ट्रेन से प्रस्थान किया था।

4 जून को वंदे भारत ट्रेन से वापसी की गई। ऋषिकेश में पीलीभीत के साधकों ने त्रिवेणी घाट पर ऋषिकेश के साधकों के साथ मिलकर योग किया। बता दें कि पीलीभीत के सीए संजय अग्रवाल (उप प्रधान, पूर्वी उत्तर प्रदेश) ने एक मई 2025 को ऋषिकेश में निशुल्क योग केन्द्र की स्थापना की। भारतीय योग संस्थान द्वारा संचालित इस शिविर में पीलीभीत से सतीश शर्मा (जिला प्रधान), डॉ. डीपी त्रिपाठी (क्षेत्रीय प्रधान), डॉ. माखनलाल, देवेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, गुरजीत कौर, ओमकार, भूपदत्त, जीएल शर्मा, रजनी त्रिपाठी, रेनू शर्मा, देव राजपूत आदि साधकों ने प्रतिभाग किया।

# धूमधाम से निकाली गई निशान यात्रा, थिरके भक्त



शहर में निकाली गई निशान यात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** श्याम भक्तों ने शहर में धूमधाम से निशान यात्रा निकाली। इसका कई जगह स्वागत किया गया। बाबा के भजनों पर भक्त जमकर थिरके।

श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से बुधवार सुबह करीब आठ बजे अग्रवाल सभा भवन से निशान यात्रा की शुरुआत की गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त निशान लेकर शामिल हुए। अग्रवाल सभा भवन से शुरू होने के बाद निशान यात्रा रंगीलाल चौराहा, लाल रोड, छीपीयान चौराहा, चौक बाजार समेत कई रास्तों से होते हुए वापस अग्रवाल सभा भवन पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में कई जगह पुष्पवर्षा करके निशान यात्रा का स्वागत किया गया। अग्रवाल सभा भवन में ही रात को बाबा श्री श्याम का 23वां भव्य श्रीश्याम महोत्सव भी मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और भजनों पर थिरकते रहे। इस मौके पर सुशील कुमार अग्रवाल, अमित निर्मल, सुशील अग्रवाल निखार, नामित मित्तल, राजीव गोपाल, लव अग्रवाल सर्राफ, अर्पित अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, श्याम, केशव, हैप्पी अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, सुलभ आनंद, मुदित अग्रवाल, निमिष आदि मौजूद रहे।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**बिलसंडा, अमृत विचारः** मानव जन-कल्याण विकास सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को नगर के रूहानी सत्संग आश्रम पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत जादौपुर नथा के प्रधान संजय पांडेय के नेतृत्व में विशाल भंडारे (चोखा बाटी) का आयोजन किया गया।

जिसमें नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि इस समिति द्वारा जन-कल्याण के लिए वर्षभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। होली पर पर भी गरीबों को वस्त्र वितरण किए गए थे। व्यवस्था में प्रधान संजय पांडेय, शिक्षक धीरज शर्मा, डॉ.हिमांशु सक्सेना , राजेश गंगवार, मुनीष त्रिवेदी, आलोक बाजपेई,शुभम मिश्रा, हरिओम, रवि वर्मा, शिवम वर्मा, हर्षित वर्मा, सीताराम, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# पलिया को हराकर कुणाल इलेवन ने चार विकेट से जीता मैच



विजेता टीम के खिलाड़ी आलोक को ट्राफी सौंपते बंडा के व्यवसाई राकेश जायसवाल।

संवाददाता,बिलसंडा

**अमृत विचारः** गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार से अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने ने चीनी मिल फेडरेशन के डायरेक्टर अटल सिंह जायसवाल की गेंद पर शॉट मारकर इसकी शुरुआत कराई। बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे और लुत्फ उठाया।

टॉस जीत कर कुणाल इलेवन के कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पलिया के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी करने को आमंत्रित किया। मैदान पर उतरी राजू क्रिकेट क्लब पलिया की टीम ने 15.2 ओवर में 121 रन बनाए और ऑल आउट हो गए। दूसरी पारी में कुणाल इलेवन के खिलाड़ियों ने मात्र 16 ओवर में छह विकेट खोकर 122 रन के लक्ष्य को प्राप्त कर जीत हासिल की। कुणाल इलेवन की ओर से आसिफ ने 33, आलोक ने 27 रन बनाए, जबकि चार विकेट लिए। आलोक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। शाहजहांपुर बंडा के व्यवसायी राकेश जायसवाल ने पुरस्कार दिया। कार्यक्रम में आयोजक सुमित जायसवाल, सहकारी चीनी मिल के उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, इंटर कॉलेज प्रबंधक पंकज जायसवाल, प्रधानाचार्य सुरेश राय, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विक्रम गंगवार, सुमित गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, राजेश पंजा, राकेश राठौर, अजय जायसवाल, बबलू मिश्रा, हुकुम राठौर, सुशील जायसवाल, कमलेश शुक्ला, अशोक जायसवाल, अंकित शर्मा, त्रिपुरेश गुप्ता, अंपायर सुनील शुक्ला, निहाल जायसवाल, शुभम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

- बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने कराई क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत

# शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** नगर के हनुमान मंदिर पर हो रही रामकथा के दूसरे दिन कथावाचक ने शिव पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया, जिसे श्रवण कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कथावाचक व्यास गौतम कृष्ण महाराज ने कहा कि शिव पार्वती कथा जीवन की व्यथा को समाप्त कर देती है। आज हजारों साल बाद माता सती भोलेनाथ के सम्मुख बैठी हैं, और भगवान शिव ने उनको क्षमा कर दिया। कामदेव ने देवताओं व जगत कल्याण के लिए शिवजी पर अपने पुष्प बाण से घात किया। शिवजी का नेत्र खुलते ही कामदेव भस्म हो गए।

तब देवताओं की प्रार्थना पर देवाधिदेव महादेव महाराज हिमांचल की कन्या पार्वती से विवाह को तैयार हो गए। जब शिव की बारात हिमालय पर जाने के लिए तैयार हुई तो समस्त देवता भी बारात के साथ निकल पड़े। शिव अपने गणों के साथ नंदी पर सवार होकर महाराज हिमाचल के द्वार पर पहुंचते हैं।

शिवगणों को देखकर महारानी मैना डर जाती हैं और पार्वती को पकड़कर रोने लगती हैं। तभी नारद जी प्रकट होते हैं और शिव और पार्वती के पूर्व जन्म की कथा का वर्णन करते हैं।

इससे महारानी मैना का संताप दूर होता है और बड़ी धूमधाम से शिव और पार्वती का विवाह संपन्न होता है। विवाह प्रसंग के दौरान पंडाल में बम बम भोले, हर हर महादेव का जय घोष गूंजता रहा। कथा की व्यवस्था में राजू मिश्रा,रजनीश मिश्रा,भोलेनाथ जायसवाल,सचिन मिश्रा, अशोक शुक्ला,अरविंद शुक्ला भरत जी, मनोज वर्मा, सुंदरलाल वर्मा, डॉ. श्रीनिवास शर्मा, मंगल सेन वर्मा, रामचंद्र लाल आदि का सहयोग रहा।

- कथावाचक व्यास गौतम कृष्ण महाराज ने कहा कि शिव पार्वती कथा जीवन की व्यथा को कर देती है समाप्त

# पत्रकार को पितृ शोक व्यक्त की संवेदना

**गजरौला, अमृत विचारः** कस्बा निवासी पत्रकार सर्वेश शर्मा के पिता श्यामाचरण (65) की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर बरेली रेफर कर दिया गया। मंगलवार रात इलाज के दौरान निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मृतक के दो बेटे हैं। बड़े पुत्र सुरेश ले पिता को मुखाग्नि दी। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने दूरभाष पर परिवार से वार्ता की और शोक संवेदना व्यक्त की। हरपाल सिंह, मुकुल गुप्ता, योगेश शर्मा, महेंद्र पाल शर्मा, राकेश बाबू, बरखेड़ा विधायक प्रतिनिधि अजय गुप्ता, मुनीश वर्मा, प्रवीण शर्मा, पूर्व ग्राम प्रधान सुखलाल कश्यप, सुनील गुप्ता आदि ने भी शोक व्यक्त किया।

# पूर्ति कार्यालय बंद होने से भटके उपभोक्ता



पूर्ति कार्यालय पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचारः** तहसील परिसर स्थित पूर्ति कार्यालय में बुधवार को पूरे दिन ताला लटका रहा। जिसके चलते राशन कार्ड संबंधी समस्या लेकर दूर-दराज से आए उपभोक्ताओं को निराश होकर वापस जाना पड़ा। बताते हैं कि बिना किसी सूचना के बुधवार को पूरे दिन कार्यालय में ताले लटके रहे। इसे लेकर नाराजगी भी जताई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# गांव गहलुइया में पूर्व प्रधान के घर धमाका, लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर क्षेत्र के गहलुइया गांव में बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव के पूर्व ग्राम प्रधान के मकान में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और गांव में अफरातफरी मच गई। हादसे में पूर्व प्रधान समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में सीएचसी भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी विक्रम दहिया, पुलिस फोर्स, फील्ड यूनिट और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। विस्फोट के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। गांव में मकान में विस्फोटक सामग्री को लेकर शोर मचा रहा। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया आतिशबाजी से जुड़ा मामला मान रही है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गहलुइया निवासी मोहम्मद गुलाम के पुत्र ताज मोहम्मद गांव के पूर्व प्रधान हैं। इससे पहले उनके चाचा ग्राम प्रधान हुआ करते थे। बुधवार को दोपहर करीब दो बजे के आसपास मोहम्मद ताज के मकान में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे मकान का लिंटर कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पूर्व प्रधान ताज मोहम्मद, पत्नी हसीन बानो, वाहिद अली पुत्र अल्ताफ अली, असलम शेख पुत्र जाकिर नूर शेख घायल हो गए। धमाके की सूचना से गांव में भगदड़ सी मच गई। ग्रामीणों की मदद से चार घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। मामला विस्फोट से जुड़ा होने के चलते घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

जानकारी मिलते ही एएसपी विक्रम दाहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व जानकारी की। ये सामने आया कि जिस मकान में विस्फोट हुआ है, वह लंबे समय से बंद था। दोपहर में सफाई के दौरान मकान में विस्फोट हो गया। अब मकान में क्या रखा था और कैसे विस्फोट हुआ है। इसका जवाब पूर्व प्रधान भी पुलिस को नहीं दे सके। घटना के बाद मौके पर फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया। टीम के एक्सपर्ट साक्ष्य एकत्र करने में जुटे रहे। हालांकि घटना को लेकर गांव में तमाम तरह की चर्चाएं बनी रहीं।



अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

- पूरनपुर के गहलुइया गांव की घटना, राज्यपाल दौरे के बीच घटना से मची खलबली
- एएसपी और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची, मकान के लिंटर तक हुए क्षतिग्रस्त

> विस्फोट की सूचना मिली थी। तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया गया। हादसे में चार लोग घायल हुए, जिनका उपचार कराया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह मामला पटाखों से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम द्वारा एकत्र साक्ष्यों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
> –सत्येंद्र कुमार, कोतवाल, पूरनपुर

## एक नजर

### रामायण पाठ आज से होगा शुरू, कल भंडारा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव ज्योराह कल्यानपुर मे श्री संकट मोचन सेवा समिति की ओर से श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर पर छह जून को रामायण पाठ के समापन पर भंडारा किया जाएगा। संस्थापक घनश्याम गंगवार ने बताया कि पांच जून की सुबह से रामायण पाठ शुरू होगा। दूसरे दिन छह जून की सुबह नौ बजे समापन होगा। इसी के साथ हवन व यज्ञ भी होगा। दोपहर तीन बजे से भंडारा होगा।

### करंट से झुलसे लाइनमैन का जाना हाल

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर में बिजली की फॉल्ट दुरुस्त करते समय दो दिन पूर्व अचानक करंट लगने से लाइनमैन रंजीत गंभीर रूप से झुलस गया था, जिसका नगर के ही एक निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। उधर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, सभासद रजत सागर ने लाइनमैन रंजीत के घर जाकर हाल-चाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### बकरा चोरी करके भागे और पकड़े गए

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर कसगंजा निवासी महेश का बकरा मंगलवार को बाइक सवार दो युवक चोरी करके भागने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच ग्रामीणों ने देख लिया और दस किमी दूर पीछा करके पकड़ा। इसके बाद बलरामपुर चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दोनों युवक नशे की हालत में थे और शाहजहांपुर के रहने वाले निकले। इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

# पैतृक गांव पहुंचा शहीद लखविंदर का पार्थिव शरीर, नम आंखों से दी विदाई

## सिक्किम में हुए भूस्खलन में गई थी जान, बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोग, शहादत को किया नमन

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** सिक्किम भूस्खलन में शहीद हुए लखविंदर का पार्थिव शरीर सेना के वाहन से पैतृक गांव पहुंचा तो हर आंख नम दिखाई दी। भारत माता के जयकारे गूंज उठे। परिवार व अन्य ग्रामीणों को अंतिम दर्शन कराए गए। सेना के जवानों ने सलामी दी। इसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सात वर्षीय पुत्र ने शहीद पिता को मुखाग्नि दी।

मूल रूप से पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम धुरिया पलिया के रहने वाले किसान गुरदेव सिंह के पुत्र लखविंदर सिंह सेना में हवलदार थे। वर्तमान में उनकी तैनाती सिक्किम में चल रही थी। सिक्किम भूस्खलन में लखविंदर शहीद हो गए थे।

चार दिन पहले ही परिवार से दूरभाष पर बात हुई थी। इधर, सोमवार शाम बेटे के शहीद होने की जानकारी मिली तो परिवार में मातम छा गया। अभी कुछ माह पूर्व ही एक पुत्री का जन्म हुआ था और सात साल का पुत्र एकमजोत है। बेटी के जन्म के बाद लखविंदर सिंह घर आए थे। करीब पचास दिन रहकर वापस ड्यूटी पर चले गए थे।

मंगलवार शाम को लखविंदर का पार्थिव शरीर बरेली एयरपोर्ट पहुंचा था और उसके बाद मिलिट्री हॉस्पिटल में रखा गया। वहां से बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे सेना के वाहन से पार्थिव शरीर पैतृक गांव धुरिया पलिया लाया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा थे। जैसे ही शहीद लखविंदर का पार्थिव देह गांव पहुंचा भारत माता के जयकारे... और लखविंदर अमर रहे... की गूंज रही। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को सेना के जवान कंधा देते हुए घर तक लाए और सलामी दी। शहीद के अंतिम दर्शन किए। इसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। सात वर्षीय पुत्र एकमजोत ने ताऊ पलविंदर सिंह की गोद में रहते हुए मुखाग्नि दी। ये देख हर आंख नम दिखाई दी।



शहीद लखविंदर सिंह की पार्थिव देह को कांधा देकर घर तक ले जाते जवान।


शहीद पिता को ताऊ की गोद में रहकर मुखाग्नि देता पुत्र एकमजोत सिंह।


शहीद के पति के अंतिम दर्शन करती पत्नी रुपिंदर कौर व दोनों बच्चे। ● अमृत विचार


शहीद लखविंदर को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख।


शहीद लखविंदर सिंह।

- सात वर्षीय बेटे ने दी मुखाग्नि, भारत माता के जयकारे और अमर रहे की रही गूंज


शहीद की दुधमुंही बच्ची को गोद में लिए एडीएम ऋतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया समेत अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### प्रभारी मंत्री समेत कई राजनेता भी पहुंचे

शहीद लखविंदर सिंह को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। परिवार के विलाप को देख सभी की आंखें नम दिखी। जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख भी गांव पहुंचे। उन्होंने परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इसके अलावा पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र, किसान नेता तजेंद्र सिंह आदि भी शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे और नमन किया।

### एडीएम ने बच्ची को गोद में लेकर किया दुलार

शहद बलविंदर सिंह के शहीद होने की सूचना मिलने के बाद ही परिवार में मातम छा गया था। बुधवार को जब तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो पत्नी रुपिंदर कौर समेत अन्य परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। करीब तीन माह की मासूम बेटी को गोद में लिए पत्नी बदहवास दिखी। शहीद को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। एडीएम ऋतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया समेत अन्य अफसर भी गांव पहुंच गए थे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शहीद की दुधमुंही बच्ची मनसिरत रोई तो एडीएम की आंख से भी आंसू छलक उठे। उन्होंने बच्ची को गोद में लेकर दुलारा। एडीएम भी विलाप को देख अपने आंसू नहीं रोक सकीं।

# तीन मासूमों के सिर से उठा माता-पिता का साया, कोहराम

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** ग्राम सेल्हा में बुधवार को सीवर टैंक की सफाई के दौरान हुए हादसे के बाद परिवार का खुशनुमा माहौल मातम में तब्दील हो गया। हादसे में एक साथ तीन जिंदगियां खत्म हो गईं, वहीं पीछे छूट गए तीन मासूम चेहरे, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। नाना की भी मौत हो गई। अब बुजुर्ग नानी पर बच्चों की जिम्मेदारी आ गई है। उनके भरण पोषण को लेकर भी संकट मंडरा गया है।

गांव सेल्हा के रहने वाले प्रह्लाद मंडल मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। हाल ही में उन्होंने अपने सीमित संसाधनों से शौचालय बनवाया था। पुराना टैंक छोटा पड़ने लगा तो रुपये की व्यवस्था करके नया टैंक खुदवाया, ताकि थोड़ी सहूलियत मिल सके। किसे पता था कि यही टैंक उनके परिवार की मौत की वजह बन जाएगा। प्रह्लाद अपनी बड़ी बेटी तनु विश्वास और दामाद कार्तिक विश्वास के साथ टैंक की सफाई कर रहे थे। बताते हैं कि इसी बीच पुराने टैंक से गैस का रिसाव हो गया और अचानक गैस रिसाव के चलते तीनों की दम घुटने से मौत हो गई। तनु और कार्तिक की तीन बेटियां वर्षा (9), सुधा (7) और रिद्धि (4) हैं, जिनके भरण पोषण को लेकर भी खतरा मंडरा गया है। तनु प्रह्लाद की बड़ी बेटी थी और अपने पति व बच्चों के साथ मायके में ही रह रही थी। कार्तिक पास के गांव मैनीगुलड़िया का निवासी था, लेकिन वह लंबे समय से अपनी ससुराल में रह रहा था। बताते हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। ग्रामीण भी हादसे के बाद गमगीन दिखे। बच्चों की परवरिश को लेकर चिंता जताई जाती रही। विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान भी मौके पर पहुंचे और हादसे पर शोक व्यक्त जताया। हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया गया।


घटना के बाद विलाप करते मृतकों के परिजन व बच्चे। ● अमृत विचार

- बुजुर्ग नानी के सहारे मृतका तनु के बच्चे, परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर

### तो पुराने टैंक का पाइप टूटने से हुआ गैस का रिसाव

सीवर टैंक में काम करते वक्त हुई पिता-पुत्री और दामाद की मौत के पीछे गैस का रिसाव होने को वजह माना जा रहा है। परिवार वालों के अनुसार वह दोपहर में दो बजे पड़ोस के गांव से मृतक दामाद और ससुर मजदूरी करके वापस आए थे। घर पहुंचने के बाद उन्होंने सोचा कि नए टैंक के प्लास्टर को पूरा कर लिया जाए। इस पर उनकी बेटी तनु भी मदद के लिए आ गई थी। टैंक में घुसने के बाद वह पुराने टैंक का पाइप खोल रहे थे। बताते हैं कि पाइप खोलते वक्त अचानक वह टूट गया। इसी के बाद गैस का रिसाव होने की आशंका जताई गई है।

### आठ साल से मायके में रह रही थी तनु

हादसे में मरने वाली तनु तीन बहनें हैं। सभी की शादी हो चुकी है। उसकी शादी को भी करीब 10 साल हो चुके थे। परिवार में कोई बेटा न होने के कारण माता-पिता की देखभाल करने के लिए करीब आठ साल से वह पति कार्तिक के साथ मायके में रह रही थी। दामाद और ससुर दोनों मजदूरी करते थे। कार्तिक पड़ोस के गांव मैनीगुलड़िया का रहने वाला है। दोनों की मौत के बाद तीन बेटियों के सिर से मां बाप का साया उठ गया।

# आश्वासन पर स्थगित किया विरोध प्रदर्शन



**बीसलपुर, अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंडरी मरौरी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए की गई शिकायतों पर सुनवाई न होने पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने गुरुवार को राज्यपाल के आगमन पर विरोध प्रदर्शन की रणनीति बनाई थी। पीलीभीत यूनिट द्वारा काले झंडे दिखाने की बात कही गई थी। इसका पता लगने पर पुलिस प्रशासनिक टीम ने जिलाध्यक्ष से मुलाकात की और हरसंभव कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस पर विरोध का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

# लापरवाही की हद, ब्लड बैंक के फॉर्म पर टी-स्टाल की मुहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में एक गर्भवती को दो यूनिट खून की जरूरत पड़ने पर डॉक्टर ने फॉर्म भरकर दिया, जिस पर अस्पताल की मुहर लगाने की जगह चाय स्टॉल वाले की मुहर लगाकर दे दी। यह गलती तब उजागर हुई, जब मरीज के परिजन ब्लड बैंक पहुंचे और उन्हें बताया गया कि फॉर्म मान्य नहीं है। अब डॉक्टर की लापरवाही का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला मेडिकल कॉलेज का है। शहर की रहने वाली 23 वर्षीय गर्भवती महिला को दो यूनिट खून की आवश्यकता थी, जहां ऑन ड्यूटी डॉ. रिया ने मरीज के तीमारदार को ब्लड की जरूरत बताते हुए ब्लड का फॉर्म भरकर दिया। फॉर्म पर अस्पताल की मुहर लगाने की जगह राम विलास टी स्टाल, मेन गेट, जिला अस्पताल पीलीभीत की मुहर लगाकर दे दी गई। यही नहीं, लगाने वाले का दिल एक बार मुहर लगाकर नहीं भरा। उसने एक ही फॉर्म पर दो बार टी स्टाल की मुहर लगाकर तीमारदार को दी।

तीमारदार जब फॉर्म लेकर ब्लड बैंक पहुंचा तो उसे जानकारी हुई कि अस्पताल की मुहर के स्थान पर टी स्टाल की मुहर लगा दी गई है। बस फिर क्या, मरीज के परिजनों ने भी पढ़े-लिखे समझदारों को खूब खरी-खोटी सुनाई। परिजनों में से ही किसी ने फॉर्म का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मुहर लगाने वालों की समझ पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



मेडिकल कॉलेज से ब्लड बैंक के इस फॉर्म पर लगाई गई थी मुहर।

- डॉक्टर की लापरवाही का मामला सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल
- मुहर लगाने वालों की समझ पर खड़े हो रहे सवाल

# डड़िया राजे में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** गायत्री परिवार के तत्वाधान में गांव डड़िया राझे में तीन दिवसीय शिव परिवार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और छठवें विशाल भंडारे का कार्यक्रम बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन विशाल कलश शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

कस्बे से गांव डड़िया रांझे से बरगदा जाने वाले मार्ग पर स्थित पकड़िया वाले महाराज पर गायत्री परिवार के तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम मंदिर के सेवादार बाबा दीपचंद महाराज की अध्यक्षता में शुरू हुआ। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जोकि दौलतपुर मार्ग, स्टेशन रोड, गांधी आश्रम, थाना गेट के सामने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौराहे होते हुए कई मार्गों से गुजरी। देवहा नदी से जल लेने के बाद कलश यात्रा वापस शुभारंभ स्थल पर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहने हुए अपने अपने सिर पर कलश लिए हुए चल रही थी। मंदिर के सेवादार बाबा दीपचंद महाराज ने बताया कि पांच मई को शिव परिवार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। 6 मई को भंडारा कराया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, लीलाधर, लक्ष्मीकांत भोजवाल, कुलवीर गंगवार, नत्थूलाल गंगवार आदि मौजूद रहे।


कस्बा बरखेड़ा से गुजरती कलश यात्रा। ● अमृत विचार

# टायर पंचर होने के बाद पलटा पुलिस का वाहन, तीन सिपाही घायल

संवादाता, माधोटांडा

**अमृत विचारः** मारपीट की सूचना पर मौके पर जा रहे पुलिसकर्मियों के चार पहिया वाहन का टायर पंचर हो गया। इसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया, जिसमें तीन सिपाही घायल हो गए। उन्हें अस्पताल भर्ती कराया है।

हादसा बुधवार देर शाम का है। क्षेत्र के ग्राम खीरी नौबरामद में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना बुधवार शाम को यूपी 112 पर दी गई। इस पर पीआरबी 2081 (चार पहिया) पर तैनात पुलिस कर्मी मौके पर जा रहे थे। चालक कांस्टेबल संदीप कुमार, नेम सिंह और साजिद वाहन में थे। थाने से पांच सौ मीटर दूर नारायनपुर बुजुर्ग मर पर मोड़ पर पहुंचते ही वाहन तालाब में पलट गया। बताते हैं कि चालक की तरफ का अगला पहिया पंचर होने से हादसा हुआ। कुछ ही देर में ग्रामीण जमा हो गए। हादसे में तीनों पुलिस कर्मी घायल हो गए। सूचना पर थाना माधोटांडा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। आनन फानन में तीनों को अस्पताल भिजवाया गया। वहीं, झगड़े की सूचना पर अन्य पुलिस टीम को भेजा गया। हादसे के चलते हड़कंप मचा रहा।


अस्पताल में भर्ती घायल पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# गोशाला में आग से पशु झुलसे


हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचारः** अमरिया तहसील के ग्राम जिठानियां निवासी धर्मपाल पुत्र लालता प्रसाद की गोशाला में अचानक आग लग गई, जिससे भैंस और पड्डा झुलस गए। आग की लपटें उठने पर परिवार वाले और आसपास के लोग जमा हुए। एकजुट होकर बमुश्किल आग बुझाई। सूचना मिलने पर लेखपाल जगदीश राजपूत ने मौका मुआयना कर जानकारी की। पशु चिकित्सक ने पहुंचकर झुलसे पशुओं का इलाज किया।

# वित्त आयोग की बैठक में चेयरमैन ने रखे प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** 16वें केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा आयोजित बैठक में नगर निकायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कई बिंदुओं पर विचार रखे। 15वें वित्त आयोग के नियमों में परिवर्तन करके 16वें वित्त आयोग को क्रियान्वित करने में क्या-क्या परिवर्तन किया जा सकते हैं, इसके प्रस्ताव रखे गए। पंद्रहवें वित्त में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी दी और 16वें वित्त में परिवर्तन को लेकर विचार व्यक्त किए।

लखनऊ में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीलीभीत नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में काराए गए कार्यों, जिससे निकाय की स्थिति में सुधार हुए हैं, उनकी जानकारी दी।

ऐसे कार्यक्षेत्र जिसके लिए 16वें वित्त आयोग से धनराशि प्राप्त हो। उसका कारण सहित विवरण प्रस्तुत किया। अगर 15वें वित्त आयोग की अवधि में धनराशि प्राप्त नहीं हुई तो इसके लिए 16वें वित्त आयोग में क्या प्रावधान किया जा सकता हैं, उसका विवरण दिया।

उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिसकी बैठक में उन्हें प्रदेश के निकायों की प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने के लिए नामित किया गया था। इसके संबंध में उन्होंने लखनऊ में हुई बैठक में विस्तार से चर्चा की। पालिका अध्यक्ष के कई विषयों को 16वें वित्त में सम्मिलित करने की सिफारिश की गई है।


लखनऊ में हुई बैठक में शामिल नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल।

- लखनऊ में तैयार किया जा रहा है 16वें वित्त आयोग का खाका
- पीलीभीत चेयरमैन समेत सात किए गए प्रतिनिधित्व को नामित



## एक नजर

### आज से बटेंगी यूपी बोर्ड की मार्कशीट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र व सह प्रमाण प्राप्त हो गए हैं। इसके लिए कक्षा नौ व 11 के अग्रिम पंजीकरण प्रपत्र भी उपलब्ध हैं। इनका वितरण पांच और छह जून को कार्यालय से होगा। इसलिए सभी प्रधानाचार्य कार्यालय से अंकपत्र और अग्रिम पंजीकरण के लिफाफे प्राप्त कर छात्रों में वितरित करना प्रारंभ कर दें, जिससे छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जून

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हेमंत पाल ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। स्नातक में बीए, बीएससी एवं बीकॉम में प्रवेश के लिए आवेदन विवरणिका और टोकन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 जून है। इसलिए स्नातक प्रथम में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राएं प्रशासनिक भवन से आवेदन विवरणिका व टोकन प्राप्त कर लें। इसके बाद www.ydpgcollege.co.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# मरीजों को मेडिकल कॉलेज में ही मिल रही जटिल सर्जरी की सुविधा

## लार ग्रंथि से गांठ निकालने का ऑपरेशन सफल, सोमवार को निकाली थी गले में फंसी कील

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


जिला अस्पताल के ओटी में लार ग्रंथि से गांठ निकालने के लिए ऑपरेशन करते ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होने से जिले के ही नहीं, बल्कि आसपास जिलों के मरीजों को भी बेहतर इलाज मिल रहा है। मेडिकल कॉलेज के सर्जन जिला अस्पताल में ही जटिल सर्जरी कर मरीजों की लखनऊ की भाग दौड़ से लेकर समय और पैसा भी बचा रहे हैं। इस क्रम में बुधवार को ईएनटी सर्जन ने लार ग्रंथि में बनी गांठ का सफल ऑपरेशन कर मरीज को राहत पहुंचाई है।

पड़ोसी जिला सीतापुर की तहसील लहरपुर के गांव राजनापुर निवासी 42 वर्षीय रघुवंश गौतम पुत्र सत्रोहन के गले में दर्द था। इस पर उन्होंने पहले सीतापुर और फिर लखनऊ मेडिकल कॉलेज में दिखाया। मेडिकल कॉलेज में जांच कराने पर सबमैंडिबुलर ग्लैंड यानि लार ग्रंथि में गांठ होने का खुलासा हुआ। इस पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन कराने के लिए कहा। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन आदि पर आने वाले खर्च से लेकर रुकने आदि की समस्याओं को लेकर रघुवंश गौतम ने जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज के ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा को दिखाया। जांच रिपोर्ट आदि देखकर वह जटिल सर्जरी करने के लिए तैयार हो गए।

बुधवार को सीएमएस एवं सर्जन डॉ. आरके कोली, एनेस्थेटिक डॉ. संतोष मिश्रा के नेतृत्व में ईइनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा, जनरल सर्जन डॉ. रामजी वर्मा, डॉ. अलोक मौर्य, एनेस्थेटिक डॉ. अरविन्द दीक्षित एवं डॉ. जयराम आदि ने ऑपरेशन कर गांठ निकालने में सफलता प्राप्त की।

> मेडिकल कॉलेज के सर्जन जिला अस्पताल में चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर रहे हैं। इससे मरीजों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज की भाग दौड़ से लेकर अन्य समस्याओं से निजात मिल रही है। मरीजों को जिला अस्पताल में ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिल रही है।
> – **डॉ. वाणी गुप्ता**, प्रधानाचार्या, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली।

### काफी जटिल था लार ग्रंथि से गांठ निकालना

ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिस तरह सोमवार को गले में फंसी कील निकालना जटिल और चुनौतीपूर्ण था, उसी तरह लार ग्रंथि से गांठ निकालना भी आसान नहीं था, क्योंकि जरा सी चूक मुसीबत बन सकती थी। सीएमएस से लेकर अन्य सीनियरों की मौजूदगी में गांठ निकालने में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि गांठ की वजह से मरीज को खाने और पीने में दिक्कत हो रही थी। इसके अलावा गले में दर्द भी होता था। गांठ यदि न निकाली जाती तो यह भविष्य में कैंसर तक बन सकती थी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चलेगा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत टोल के पास पौधा लगातीं एसडीएम मितौली रेणु मिश्रा।

- डीएम ने की एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील
- सीडीओ ने विभागों को अभियान के तहत पौधरोपण के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान चलेगा। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के सम्मान से जोड़ना है, जिससे जिले वासियों में प्रकृति के प्रति आत्मीयता और जिम्मेदारी का भाव विकसित हो। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में वृहद स्तर पर पौधरोपण होगा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले वासियों से एक पेड़ अपनी मां के सम्मान में लगाने की अपील करते हुए कहा कि यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विभागों को अभियान के तहत पौधरोपण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि आम, अमरूद, नींबू, बेल, जामुन, पकरिया, बरगद से लेकर सहजन आदि के पौधे प्राथमिकता के साथ लगाएं और उनकी देखभाल भी करें। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक नई सोच, नई संवेदना के साथ स्थायी पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित विरासत छोड़ने की दिशा में अहम कदम होगा।

मैगलगंज। कस्बा में टोल पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 40 पौधे लगाए गए। प्रवर्तन दल अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, एसडीएम मितौली रेणु मिश्रा ने नीम, शीशम, बम्बू, अमरूद, नींबू, गुलमोहर से लेकर पीपल, बरगद आदि के पौधे लगाए।

एसडीएम ने कर्मचारियों को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान ऑडिटर सुजीत यादव, टोल मैनेजर सचिन तोमर, एनएचएआई के दीपक पुरी, आकाश वर्मा एवं चित्रगुप्त श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# रोडवेज कर्मचारी संघ का 8 से चक्का जाम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला रोडवेज के एआरएम को ज्ञापन देने जाते संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- गोला रोडवेज डिपो पर किया जाएगा धरना-प्रदर्शन

**अमृत विचारः** रोडवेज डिपो में व्याप्त तमाम अनियमितताओं को लेकर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर आठ जून को गोला रोडवेज डिपो पर चक्का जाम कर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

संगठन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक डिपो कार्यालय पर हुई, जिसमें गौरीफंटा और तिकुनिया बॉर्डर में गोला डिपो की बसों की सहभागिता सही से सुनिश्चित कराने, शाहजहांपुर डिपो पर गोला डिपो की बसों के साथ समय को लेकर भेदभाव रोकने, गोला डिपो पर समयपाल ऑफिस के पास शाम को लिपिक के साथ हुई मारपीट के बावजूद खराब सीसीटीवी कैमरे न बनवाने आदि पर चर्चा की गई।

संगठन ने चेतावनी भरे लफ्जों में कहा है कि यदि विभाग ने उनकी मांगों पर विचार कर निष्कर्ष नहीं निकाला तो विवश होकर आठ जून रविवार को गोला रोडवेज डिपो पर चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रोडवेज प्रशासन की होगी। बैठक में अश्विनी कुमार, विमलेश वर्मा, मुख्तियार अहमद खां, अभिषेक शुक्ला, रजनीश कुमार, जसवीर यादव, रवि शेखर वर्मा आदि पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# सुबह निकली धूप ने किया परेशान फिर बदले मौसम ने दी राहत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** बुधवार सुबह निकली चिलचिलाती तेज धूप के साथ उमस वाली गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। तेज धूप की वजह से लोग पसीना पसीना हो गए। मगर, दोपहर बाद मौसम में हुए बदलाव ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदलने से तेज हवा के साथ बादल छा गए। इससे तापमान में गिरावट होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। आसमान में छाए काले बादलों की वजह से बुधवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। ऐसे में न्यूनतम तापमान 25 और अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

# पठन-पाठन के साथ छात्राएं सीखेंगी मार्शल आर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- राजकीय विद्यालयों में शुरू होंगे प्रशिक्षण शिविर

**अमृत विचारः** राजकीय स्कूलों में बेटियों को शिक्षा के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसमें छात्राओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग मिलेगी, जिससे वह विषम परिस्थितियों में शोहदों को सबक सिखाकर अपनी रक्षा करने के साथ जरूरतमंदों की भी मदद कर सकें। इसके लिए राजकीय स्कूलों में ट्रेनर तैनात किए जाएंगे।।

जिले में 51 राजकीय विद्यालय हैं। इनमें पढ़ने वाली छात्राओं को शिक्षा के साथ जुलाई से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए इसलिए जिला स्तर पर समिति गठित होगी, जिसकी अध्यक्ष डीएम और सचिव डीआईओएस होंगे। छात्राओं को तीन माह तक प्रतिदिन 40 मिनट आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। इस दौरान छात्राओं को जूड़ो कराटे आदि की ट्रेनिंग देकर पास में मौजूद संसाधन, जिसमें पेन, पेंसिल, हेयर पिन, क्लचर, कंघा, नेल कटर, कड़ा, अंगूठी, बेल्ट, दुपट्टा, पानी की बोतल, ज्योमेट्री बॉक्स, ब्लेड, पेपर कटर, चाकू स्प्रे आदि का बेहतर उपयोग कर आत्मरक्षा करना बताया जाएगा।

### इनकी भी दी जाएगी जानकारी

| | |
|---|---|
| महिला हेल्पलाइन नंबर- | 1090 |
| पुलिस हेल्पलाइन नंबर- | 112 |
| एंबुलेंस- | 108 |
| साइबर अपराध सहायता- | 1930 |

एसपी, डीएम से लेकर महिला थाना के नंबरों की जानकारी

### शिक्षकों को यह भी देनी होगी जानकारी

1. आत्मरक्षा क्या है, इसकी आवश्यकता क्यों।
2. किशोरावस्था की सामान्य समस्याएं और उनका निदान।
3. शरीर के मजबूत एवं संवेदनशील अंग की जानकारी।
4. पोषण एवं व्यायाम से शरीर को शक्तिशाली बनाना।
5. मानसिक दृढ़ता एवं कठिन परिस्थितियों का सामना करने संबंधी विकास।
6. किशोरावस्था की स्वास्थ्य संबंधी संपूर्ण जानकारी।
7. आत्मरक्षा प्रशिक्षण का गलत उपयोग न करना।
8. स्थानीय संसाधनों से आत्मरक्षा किट बनाना और उपयोग करना।

### प्रशिक्षकों को इसकी देनी होगी ट्रेनिंग

1. पंच एवं मुक्का मारने का तरीका और प्रकार।
2. पछाड़ एवं गिराने के तरीके।
3. थ्रो एवं फेंकने के प्रकार व तरीके।
4. किक एवं पैर से प्रहार करने का तरीका।
5. लुढ़कने का व्यायाम।



> आत्मरक्षा प्रशिक्षण जीवन कौशल है, जो बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा कर किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना से बचाव करने में मददगार बनता है। बेटियों का मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वह शोहदों को सबक सिखाकर जरूरतमंदों की मदद कर सकें। –**डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस।


## आवश्यकता है

- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497


# रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी निसार खान पुत्र अशफाक खान ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन के बाहर बाइक खड़ी कर टिकट लेने चले गये। टिकट लेने के बाद वापस आने पर उसे बाइक खड़ी नहीं मिली तो उसने इधर उधर खोजबीन की पर बाइक का कोई पता न चला। पीड़ित ने कोतवाली में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।


B.I.U. Admission Open — Session 2025-26 — BIU College of Pharmacy (BIUCOP) Bareilly, Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# पेंशनरों ने संस्था परिवार के पांच मेधावियों को किया सम्मानित

- सदर विधायक ने पेंशनर्स भवन को दी कई सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


हाईस्कूल के मेधावी छात्र शिवम त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देते विधायक योगेश वर्मा व अन्य।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक और परिवार के मेधावियों को सम्मानित करने के लिए बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले पांच मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान सदर विधायक ने पेंशनरों को कई सुविधाएं दीं।

महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा ने बताया कि बैठक में संस्था के आय व्यय के बारे में पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। इसके अलावा सदर विधायक योगेश वर्मा ने जून माह में जन्म लेने वाले संस्था के दस पेंशनर्स को सम्मानित किया। इसके बाद संस्था परिवार के हाईस्कूल के मेधावी शिवम त्रिपाठी, सक्षम त्रिपाठी और इंटरमीडिएट के अमन वर्मा, वैदिक वाजपेयी, अविरल वर्मा को को मेडल देकर सम्मानित किया। नरेश चंद्र वर्मा ने बताया कि सदर विधायक योगेश वर्मा ने पेंशनर्स भवन में दो एसी, 100 कुर्सियां, वाटर कूलर मय आरओ सहित 125 लोगों के बैठने को शेड बनवाने को कहा।

# अजगर ने कुत्ते को बनाया निवाला



**महंगापुर, अमृत विचारः** पलिया रेंज के फार्मर के पालतू कुत्ते को विशालकाय अजगर ने मार दिया। वन चौकी परसपुर बीट क्षेत्र के ग्राम महंगापुर डीएसपी फार्म के पास किसान कमलजीत सिंह का फार्म है। मंगलवार रात उनके घर में पहुंचे विशालकाय अजगर ने पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया। अपने मुंह में दबाकर कुत्ते को गन्ने के खेत में खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगा। आहट मिलने पर परिजनों ने टार्च की रोशनी डाली तो भारी भरकम अजगर को देखकर दंग रह गए। परिजनों ने इसकी सूचना वन चौकी परसपुर को दी। परसपुर वन चौकी फारेस्टर राकेश कुमार पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचते। इससे पहले ही अजगर मृत अवस्था में कुत्ते को छोड़कर गन्ने के खेत में चला गया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र शोभित सैनी व पुत्रवधू दीपशिखा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मनोज सैनी उर्फ बब्लू पुत्र रामआसरे लाल सैनी निवासी पानी की टंकी के पास, जगतपुर, विवेकनगर, श्यामतगंज, थाना बारादरी, बरेली**

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

आवश्यकता है
प्राचार्य /असि. प्रो. एलएल.एम./एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# कलेक्ट्रेट जा रहे भाकिसं की पुलिस से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह को ज्ञापन देते भाकिसं के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज।

- भारतीय किसान संगठन ने पुलिस पर लगाया तानाशाही रवैया अपने का आरोप
- आंबेडकर पार्क में मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा

**अमृत विचारः** पैदल मार्च कर बुधवार को डीएम को ज्ञापन देने जा रहे भारतीय किसान संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट पर रोक लिया और अंदर नहीं जाने दिया। इसको लेकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और पुलिस के बीच काफी देर नोकझोंक हुई। बाद में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता विलोबी मैदान के सामने अंबेडकर पार्क पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा।

पैदल मार्च से पहले भाकिसं के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लखनऊ मंडल अध्यक्ष सद्दाम रहमानी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज के संपर्क कार्यालय पर एकत्र हुए और बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि 25 नवंबर 2024 को पॉवर कारपोरेशन ने बिजली विभाग के दक्षिणांचल और पूर्वांचल वितरण नियमों के निजीकरण का फैसला दिया था। राज्य सरकार भी कॉरपोरेशन के निर्णय पर अपनी सहमत दिखाती नजर आ रही है। विधि विभाग के निजीकरण का प्रयास राज्य सरकार 2022 के अंत में भी कर चुकी है, इसलिए संदेह और ज्यादा बढ़ जाता है। इस कानून की वापसी 13 महीने की दिल्ली सीमाओं पर किसान आंदोलन का मुख्य मुद्दा रहा है। 9 दिसंबर को सरकार ने लिखित वादा किया था कि किसानों से वार्ता किए बिना बिजली संशोधन बिल नहीं लाया जाएगा।

केंद्र सरकार वादे से मुकर गई और लोकसभा में बिजली का संशोधन बिल 2022 पेश किया। प्रदेश की गरीब जनता पहले से ही महंगी बिजली की मार झेल रही है। ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है, जो घोर निंदनीय है। निजी क्षेत्र में जाने से लाखों बिजली कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे।

प्रदेश प्रवक्ता मुकेश पांडेय ने कहा कि सभी ग्रामीण उपभोक्ताओं को हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री मिलनी चाहिए। प्रदेश सचिव किशन कुमार दीक्षित ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली की जरूरत है। गरीबों के लिए घर में फ्री बिजली होनी चाहिए। बैठक के बाद बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट की तरफ कूच किया। कलेक्ट्रेट गेट पर शहर कोतवाल हेमंत राय ने उन्हें रोक दिया और अंदर नहीं जाने दिया।

इस पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज से उनकी काफी तीखी बहस हुई। नाराज कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट गेट से आंबेडकर पार्क पहुंचे। जहां पहुंचे तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान अंबिका वर्मा, टीटू वर्मा, देवेंद्र पांडेय, शैलेश शर्मा, सौरव वर्मा, घनश्याम यादव, मनजीत मौर्य, राम जी वर्मा, नुमान, इकबाल अहमद, इरफान गाजी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रंजिश में घर में घुसकर महिला और बच्चों को जमकर पीटा

निघासन, अमृत विचार : गांव लोनियन पुरवा निवासी रामा देवी ने बताया कि उसके पति बाहर गए हुए हैं। उसका पड़ोस के ही हरद्वारी आदि से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में हरद्वारी अपने परिवार के कई अन्य लोगों के साथ एक जून को उसके घर में घुस आए। उसे और उसकी बड़ी बेटी को जमकर मारापीटा। बेटी का मोबाइल भी छीनकर ले गए। नाक से सोने का फूल भी नोच लिया। किसी तरह से भागकर उसने और उसके बच्चों ने अपनी जान बचाई। महिला का आरोप है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। कुछ महीने पहले ही गांव के अनुसूचित जाति के लोगों को जान से मारने की कोशिश की थी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार जान से मार देने की धमकी देते रहते हैं। इससे वह और उसके बच्चे दहशत में हैं। उसने सीओ से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### ट्रक से टकराई अनुबंधित बस, सात यात्री घायल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर बुधवार को पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में बड़ी नहर के पास ओवरटेक करते समय अनुबंधित बस ट्रक में जा घुसी। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। लखनऊ से लखीमपुर जा रही अनुबंधित रोडवेज बस ओयल के बड़ी नहर के निकट कुलवंत कौर विद्यालय के पास पहुंची तभी सीतापुर की तरफ से लखीमपुर जा रहे ट्रैक्टर से लदे ट्राला में बस ओवर टेक करते समय टकरा गई। टक्कर लगने के बाद बस में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने हादसे में घायल बस में सवार हफीज निवासी भुड़वारा गोला, सब्बीर निवासी टॉपर पुरवा थाना शारदानगर, निधि चौधरी, सृष्टी निवासी सिकटिहा सीतापुर, उर्मिला, आलोक निवासी रामनगर गोला थाना मोहम्मदी, बाल केसनी निवासी चक मूसेपुर तहसील धौरहरा को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर हाफिज व शब्बीर को भर्ती किया है।

# रिश्तेदारी से लौट रहे युवक पर तेंदुए का हमला

## धौरहरा में तेंदुए का आतंक: घायल युवक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती, क्षेत्र के लोगों में दहशत

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** धौरहरा वन रेंज के तहत तेंदुए का आतंक जारी है। बुधवार तड़के रिश्तेदारी से वापस घर आ रहे साइकिल सवार पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह उसने तेंदुए से अपनी जान बचाई। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तेंदुए की दहशत एक बार फिर व्याप्त हो गई है।


घायल रसीद।

वन रेंज धौरहरा के गांव अदलीशपुर निवासी रसीद (22) पुत्र अब्दुल रज्जाक मंगलवार को अपने मामा के घर मोहल्ला मनिहार वार्ड आया था। वह बुधवार की सुबह करीब पांच बजे साइकिल पर सवार होकर अपने घर वापस घर जा रहा था। तभी धौरहरा कस्बे के बाहर बबुरी मार्ग पर रपटा पुल के पास झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया, इससे वह साइकिल समेत सड़क पर गिर गया। तेंदुआ उसे पकड़कर खींचने की कोशिश करने लगा। रसीद के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग शोर मचाते हुए लाठी-डंडा लेकर मौके की तरफ दौड़ पड़े। इस पर तेंदुआ रसीद को छोड़कर झाड़ियां में होता हुआ गन्ने के खेतों की तरफ चला गया। घटना के बाद खेतों में काम कर रहे किसानों में दहशत व्याप्त हो गई। किसान काम को छोड़कर सड़क पर आ गए। रसीद के सीने और गर्दन पर तेंदुए के पंजे लगे हैं। घटना के बाद तमाम लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पाकर परिवार के लोग भी पहुंच गए। परिजनों ने घायल रसीद को सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लोगों को सतर्क किया है।


घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

### दो शावकों के साथ एक माह से डेरा जमाए है तेंदुआ

ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक महीने से क्षेत्र में दो शावकों के साथ तेंदुआ चहलकदमी करते देखा जा रहा है। वह अब तक कई पशुओं को भी अपना शिकार बना चुका है। करीब छह से अधिक लोग तेंदुए के हमले में घायल हो चुके हैं, लेकिन वन विभाग ने उसे पकड़ने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार इलाके में तेंदुआ होने से खेती-किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा है। जैसे-तैसे हिम्मत जुटाकर वह खेतों में जाकर काम कर रहे हैं। वन विभाग ने भी शावकों के साथ तेंदुआ होने की पुष्टि की है।

### पिंजड़ा लगाने की कवायद तेज

पिछले कई महीने से आतंक का पर्याय बने तेंदुए को पकड़ने के लिए विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग पिंजड़ा लगाकर उसे पकड़ने की कोशिश करेगा। वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि तेंदुए के हमले से युवक के घायल होने की जानकारी मिली है, जिस पर टीम को मौके पर भेजा गया है। टीम लगातार निगरानी कर रही है। तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द ही कैमरे और पिंजड़े लगाए जाएंगे। इसको लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है।

# ढाका गांव में कुत्ता और बछड़े को बाघ ने बनाया निवाला

● ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की टीम ने सतर्क रहने की दी हिदायत

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचार:** वन रेंज मैलानी के अंतर्गत जटपुरा चौकी के पास ग्राम पंचायत ढाका में बाघ ने एक बछड़े और एक पालतू कुत्ते का शिकार किया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

गांव ढाका निवासी नन्हे पुत्र बनवारी के घर से मंगलवार रात बाघ ने घर में घुसकर बछड़े को निवाला बना लिया। इसके बाद गुरजीत सिंह पुत्र बलजीत सिंह अपना कुत्ता टहला रहे थे, तभी अचानक पीछे से आए बाघ ने जर्मन शेफर्ड कुत्ते पर हमला कर मार दिया। गुरजीत कुत्ते का पट्टा छोड़कर भागे और बाघ से जान बचाई। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी वन चौकी जटपुरा के पास 20 मई को रात 11 बजे कस्बा कुकरा निवासी पप्पू के घर में घुसकर बाघ ने बछड़े को निवाला बनाया था। ग्रामीणों का कहना है कि यह आदमखोर बाघ अगर वन विभाग टीम द्वारा न पकड़ा गया तो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। बाघ के साथ एक बाघिन दो शावक भी बताए जाते हैं, जो लोहिया पुल व मलंग बाबा पुलिया के आसपास 15 दिनों से हर दूसरे, तीसरे दिन दिखाई देते हैं। घटना की सूचना ग्राम प्रधान रामकिशुन ने वन विभाग को दी। वन रेंज मैलानी की वन चौकी जटपुरा व सलेमपुर की वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृत बछड़ा एवं जर्मन शेफर्ड कुत्ते का शव सुपुर्द ए खाक किया। वन दरोगा राजाराम, फॉरेस्ट गार्ड हरेंद्र यादव, वाचर मुशर्रफ अली, रामसिंह, अनीस अहमद ने क्षेत्र में बाघ होने की पुष्टि की है। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

# गांव शेरपुर में नकदी सहित लाखों के जेवर चोरी

● बीमार सास को अस्पताल में देखने गए थे पति-पत्नी

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचार:** थाना हैदराबाद की ढकवा पुलिस चौकी के अंतर्गत शेरपुर गांव में एक घर में 20 हजार की नगदी सहित लाखों के सोने-चांदी के जेवर, कपड़े चुरी कर लिए। गृह स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव शेरपुर निवासी कमल किशोर ने बताया कि वह पत्नी के साथ अपनी सास को देखने 31 मई को हॉस्पिटल गए थे। एक जून को सास की मृत्यु होने से दूसरे दिन घर नहीं पहुंचे। सास का अंतिम संस्कार कराकर वापस घर पहुंचने पर कमरे का दरवाजा खोला तो देखा अलमारी और बक्से का सामान बिखरा पड़ा था। जिसमें से नकदी और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। गृहस्वामी ने हैदराबाद थाना में दी तहरीर में बताया कि उनके घर से चोर सोने का एक हार, चार कंगन, एक जोड़ी झाला, एक नथनी, एक मांग टीका, मंगलसूत्र, एक अंगूठी, दो बाली, नाक के चार फूल, चांदी की दो जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया और चार साड़ियां एवं 20 हजार रुपये चोर ले गये हैं। हैदराबाद थाना प्रभारी प्रवीर गौतम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। गांव के लोगों का कहना है कि चौकी क्षेत्र में कोई चौकी इंचार्ज व स्थाई आरक्षी न होने से रात्रि गस्त और सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि शेरपुर गांव में हुई चोरी की घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत का परिसीमन कराने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: खैरताली ग्राम पंचायत के मनोज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है की ग्रंट नंबर 11 की ग्राम पंचायत में 32 गांव हैं, जिनकी मतदाता सूची 2021 के अनुसार कुल मतदाता एक लाख 11 हजार 10 हैं। उन्होंने भेजे पत्र में मांग की है कि वृहद क्षेत्रफल और बड़ी आबादी होने के कारण ग्राम पंचायत में पंचायत वासियों को सार्वजनिक सुविधाओं का सही से लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी शिथिलता है, जिससे ग्राम पंचायत वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ग्राम पंचायत का परिसीमन कराकर अलग ग्राम पंचायत का गठन करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उत्तम कुमार, विनीत कुमार, लवकुश कुमार, प्रदीप कुमार, महेशचंद्र, सौरभ कुमार सिंह, अनिल कुमार, रमेश कुमार आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# त्योहार पर नहीं मिलेगी नई परम्परा की अनुमति

● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला शांति समिति की बैठक में डीएम का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बकरीद एवं गंगा दशहरा को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक हुई। इसमें मौजूद धर्मगुरुओं को डीएम ने त्योहार पर शासन की गाइडलाइन और दिशा निर्देशों का पालन कर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने के निर्देश दिए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने धर्म गुरुओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी को लेकर दिए गए सुझावों पर ईओ और डीपीआरओ को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म स्थलों के पास साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान कर भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, किसी प्रकार की कोई अप्रिय बात होने पर अधिकारियों को सूचित करें। त्यौहार पर किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं मिलेगी। त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनाते हुए निर्धारित स्थानों पर कुर्बानी दें। विशेष ध्यान रखें कि प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी न की जाए, साथ ही सड़कों पर धार्मिक आयोजन न करें।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि बिजली के तारों और संकरी गलियों को ध्यान में रखकर ताजियों की ऊंचाई सीमित रखें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी धर्मों व समुदायों के लोगों के मिलजुल कर पर्व मनाना हमारी साझा संस्कृति की पहचान है। बैठक में एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, धर्मगुरु व संभ्रान्तजनों सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक में मौजूद धर्मगुरु व अधिकारी। ● अमृत विचार


बैठक में शासन की गाइड लाइन बतातीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

# एलाइट क्लब, श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल व फ्रेंड्स क्लब की टीमें जीतीं

● गोला कप डे नाइड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार रात खेले गए मैच में एलाइट क्लब, श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल और फ्रेंड्स क्लब की टीमों ने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत दर्ज की।

स्व. राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे 18वें गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कमेटी के पदाधिकारी योगेश साहनी, प्रमोद साहनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। टूर्नामेंट का पहला मैच एलाईट क्लब गोला और टाउन स्ट्राइकर के बीच खेला गया। एलाइट क्लब गोला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 112 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टाउन स्ट्राइकर के शुरुआती क्रम के सभी बल्लेबाज कुछ खास न कर सके और पहले ओवर में ही तीन विकेट लेकर एलाईट क्लब के श्रेष्ठ ने अपनी टीम को बढ़त दिलाई और एलाइट क्लब ने 15 रन से मैच में जीत हासिल की। श्रेष्ठ को तीन विकेट और आठ रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल और बिलाल हैंडलूम के बीच खेला गया, जिसमें श्री राजेंद्र गिरि की टीम विजयी रही। कमाल को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट का तीसरा मैच विशु क्लब गोला और फ्रेंड्स क्लब गोला के बीच खेला गया, जिसमें फ्रेंड्स क्लब ने जीत हासिल की। शमशाद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीनों टीमों के मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, मंत्री केके शुक्ला, राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के डायरेक्टर मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा, शशिकांत मिश्र, सुभाष मिश्रा, रामगुलाम पांडे, अरुण सिंह, रावेन्द्र गिरि, जगदीश अवस्थी आदि ने मैच का आनंद लिया।



गोला के क्रिकेट टर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

## दीवार के नीचे दबकर बच्ची की मौत

मैगलगंज, अमृत विचार: पुलिस चौकी औरंगाबाद के गांव कैमटा बनवारी निवासी रामसेवक की पुत्री मधु (3) बुधवार सुबह पड़ोसी पप्पू की क्षतिग्रस्त दीवार के पास खेल रही थी। तभी अचानक दीवार भरभरा कर ढह गई। बच्ची उसके मलबे के नीचे दब गई। यह देख आसपास के लोगों के शोर मचाने पर परिवार के लोग व ग्रामीण पहुंच गए। परिवार वाले ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर बच्ची को निकालते। इससे पहले ही मधु की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उधर, राजस्व टीम ने निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट के मामले में तीन के नामजद रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के सिनेमा चौराहा निवासी अनिल गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अनाज की खरीद फरोख्त करता है। 21 मई को अलीगंज रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली से गेहूं खरीद कर आ रहा था। अलीगंज रोड पर कुटी स्थान भुड़वारा मोड़ पर नगर के त्रिलोक गिरि मार्ग निवासी प्रमोद गुप्ता ने अपने पुत्रों शिवांश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता के साथ ट्राली को रोक लिया और कहा तुम अलीगंज रोड पर गेहूं की खरीद नहीं कर सकते। जब उसने कहा कि वह कहीं भी खरीद फरोख्त कर सकता है तो वह सब गालियां देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार:** थाना मैगलगंज की पुलिस चौकी फत्तेपुर के गांव मुरादपुर के ग्रामीण सुबह जब खेतों की तरफ गए तो उनकी नजर गांव के बाहर एक पेड़ पर फंदे से लटक रहे युवक के शव पर पड़ी। इससे गांव में हड़कंप मच गया।

तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। शव की पहचान गांव के मूलचंद मिश्रा (30) के रूप में हुई। इससे उसके घर में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शाम को शव गांव लाया गया। परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अंबूपुर को मिला नेशनल क्वालिटी स्टैंडर्ड अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीएचसी फरधान के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अंबूपुर को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं मुहैया कराने के मामले में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड अवार्ड मिला है। इस पर बुधवार को सीएचसी अधीक्षक ने गांव अंबूपुर पहुंचकर सीएचओ को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

सीएचसी फरधान क्षेत्र के गांव अंबूपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का दो मई को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड की राज्य स्तरीय टीम ने वर्चुअल निरीक्षण कर विभिन्न मामलों में फीडबैक लिया था। टीम में शामिल डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी एश्योरेंस गुजरात के डॉ. सतीश प्रजापति सहित रांची के एएम निरल कुजूर ने वहां पर मिलने वाली सुविधाएं और उनकी गुणवत्ता, डाक्यूमेंटेशन, साफ-सफाई, विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन कर स्टाफ का साक्षात्कार किया था। इसके आधार पर तैयार की रैंकिंग में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का अवार्ड मिला है।

जिले का यह पहला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर है, जिसे अवार्ड मिला है। इससे पहले इसे दो बार कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है। बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित वाजपेयी ने अंबूपुर जाकर सीएचओ विकास शर्मा को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एनसीडी सेल विजय वर्मा, देवनंदन श्रीवास्तव, सीएचओ अमिता वर्मा, अनुराग वर्मा, दीपा धामी, रीता भार्गव, विश्वजीत आदि मौजूद रहे।


सीएचओ को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक फरधान डॉ. अमित वाजपेयी।

